मध्यप्रदेश विधान सभा

जुलाई-अगस्त, 2009 सत्र

दैनिक कार्य सूची

सोमवार, दिनांक 6 जुलाई, 2009 (आषाढ़ 15, 1931)

समय 10.30 बजे दिन

1. निधन उल्लेख

निम्नलिखित के निधन संबंधी उल्लेख :-

(1) श्री माखनलाल जाटव, सदस्य विधान सभा,,
(2) श्री अर्जनदास, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(3) श्री होमी एफ.दाजी, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(4) श्री दाऊ हनुमंत सिंह, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा.
(5) श्री रामलखन सिंह, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(6) श्री मदन गोपाल सिंह, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा.
(7) श्री चिरोंजीलाल सोनकर, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(8) श्री बलवीर खनूजा, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा.
(9) श्री नरसिंहदास गोयल, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा,
(10) श्री हबीब तनवीर, सुप्रसिद्ध रंगकर्मी.

2. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3. अध्यादेश का पटल पर रखा जाना

श्री राजेन्द्र शुक्ल, राज्यमंत्री, विधि और विधायी कार्य, भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 की अपेक्षानुसार जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2009 (क्रमांक 1 सन् 2009) पटल पर रखेंगे.

4. मार्च, 2009 सत्र निर्धारित अवधि के पूर्व स्थगित हो जाने के फलस्वरूप शेष दिनांकों के प्रश्नोत्तरों का संकलन तथा इसी सत्र के अपूर्ण उत्तरों के पूर्ण उत्तरों का पटल पर रखा जाना.

5. नियम 267-क के अधीन मार्च, 2009 सत्र में पढ़ी गई सूचनाओं तथा उनके उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना.

6. राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना.

7. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री दिलीप सिंह गुर्जर, सदस्य, उज्जैन जिले के नागदा क्षेत्र में खाद्यान्न एवं केरोसीन का वितरण उपभोक्ताओं को न होने की ओर राज्यमंत्री खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री पारस सकलेचा "दादा", सदस्य, मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं के नाम पर भारी फीस की वसूली किये जाने की ओर तकनीकी शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

8. विधान सभा की सदस्यता से त्याग-पत्र

मध्यप्रदेश विधान सभा के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 120-तेंदूखेड़ा से निर्वाचित सदस्य, श्री राव उदय प्रताप सिंह तथा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 170- सोनकच्छ (अ.जा.) से निर्वाचित सदस्य, श्री सज्जन सिंह वर्मा द्वारा विधान सभा में अपने स्थान का त्याग करने की सूचना.

9. सभापति तालिका की घोषणा.

डॉ. ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 5 जुलाई, 2009